# भारतीय जनता पार्टी

## राष्ट्रीय उपाध्यक्ष
## श्री मुख्तार अब्बास नकवी का प्रेस वक्तब्य

**सूरज कुण्ड, फरीदाबाद 25 सितम्बर 2012** भारतीय जनता पार्टी की तीन दिन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय परिषद की महत्वपूर्ण बैठक 26 सितम्बर से सूरजकुण्ड में शुरु हो रही है।

भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बताया कि सूरजकुण्ड के डा0 मंगल सेन सभागार में 26 सितम्बर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी और 27 एवं 28 सितम्बर को राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक होगी जिसमें देष के राजनैतिक, आर्थिक, हालात पर चर्चा एवं पार्टी की आगे की रणनीति पर विचार होगा।

श्री नकवी ने बताया कि 26 सितम्बर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में राष्ट्रीय परिषद के सामने पेष होने वाले प्रस्तावों, अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी, संगठनात्मक विषयों जिसमें सदस्यता अभियान, सामाजिक विस्तार कार्यक्रम एवं देष भर में चल रहे संगठनात्मक चुनावों में प्रगति की समीक्षा होगी।

श्री नकवी ने कहा कि आने वाले महीनों में विभिन्न राज्यों के विधान सभा चुनावों की तैयारी एवं रणनीति पर भी चर्चा कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय परिषद करेगी।

श्री नकवी ने बताया कि देष में राजनैतिक अस्थिरता और केन्द्र सरकार एवं कांग्रेस के खिलाफ व्यापक जनाक्रोष का माहौल है, घोटाले, भ्रष्टाचार में चौतरफा डूबी केन्द्र सरकार हर दिन देष और लोगों के हितों पर हमले कर रही है, देष की अर्थव्यवस्था को विदेषी हितों बन्धक बना दिया है। इन तमाम हालात पर पार्टी लगातार संसद से सड़क तक संघर्ष करती रही है, आने वाले दिनों में देष के हालात और खराब होंगें, कांग्रेस नेतृत्व सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एवं देष के सामने आर रही कड़ी चुनौतियों को लेकर भाजपा अपनी नैतिक, संवैधानिक, लोकतांत्रिक एवं राष्ट्रवादी प्रतिबद्धता को लेकर प्रभावी और आक्रामक अभियान पर चर्चा एवं रणनिति को अन्तिम रुप देगी।

श्री नकवी ने कहा कि 26 सितम्बर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी  की बैठक प्रातः 11 बजे से शुरु होकर सायंकाल तक चलेगी,  एवं 27 को राष्ट्रीय परिषद की बैठक प्रातः 10.30 बजे शुरु होगी और सायंकाल तक चलेगी जबकि 28 सितम्बर को राष्ट्रीय परिषद की बैठक प्रातः 9:30 बजे शुरु होकर दोपहर तक चलेगी, उसी दिन पार्टी की जनसभा भी आयोजित की गई है। इन तीन दिनों में पार्टी राजनैतिक, आर्थिक, देष के सामने चुनौतियों, संगठनात्क विषयों, प्रस्तावों पर चर्चा करेगी।

श्री नकवी ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी में लगभग 300 एवं परिषद में 1200 प्रतिनिधि भाग लेंगें, पार्टी के वरिष्ठ नेता सर्वश्री लाकृष्ण आडवाणी, पार्टी अध्यक्ष श्री नितिन गडकरी, श्रीमती सुषमा स्वराज, श्री अरुण जेटली, डा0 मुरली मनोहर जोषी, श्री एम. वैंकेया नायडू, श्री राजनाथ सिंह, सहित सभी 9 भाजपा एवं एन0डी0ए0 शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, उप–मुख्यमंत्री बैठक में रहेगें।

श्री नकवी ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बन्दे मातरम् एवं अध्यक्षीय उद्बोधन से शुरु होगी, 27 एवं 28 सितम्बर को राष्ट्रीय परिषद की बैठक ध्वजारोहण, बन्देमातरम् से शुशरम्भ होगा, बैठक सभागार का नाम डा0 मंगल सेन सभागार रखा गया है, जबकि राष्ट्रीय परिषद एवं कार्यकारिणी स्थान का नाम स्व0 बाल आप्टे परिसर रखा गया है।

**(ओ0 पी0 कोहली)**
कार्यालय प्रभारी